सर्वपल्ली राधाकृष्णन स्कूल ने मनाया स्थापना दिवस

जागरण संवाददाता, भिवानी : बुधवार को हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड कैम्पस स्थित सर्वपल्ली राधाकृष्णन स्कूल के प्रांगण में स्कूल के स्थापना दिवस को बड़े ही हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड के सचिव पंकज कुमार थे, जिन्होंने स्कूल में स्थापित डॉ सर्वपल्ली राधाकृष्णन की प्रतिमा पर फूल मालाएं अर्पित की। इन प्रस्तुत कार्यक्रमों के माध्यम से सर्वपल्ली राधाकृष्णन स्कूल हर बार समाज को एक नया संदेश देने को तत्पर रहता है, जिसके अंतर्गत वर्ष-2013 का पुत्रीवती भव संदेश एक अभियान में बदल गया तथा जिसकी सराहना राज्य स्तर तक हुई। इसी प्रकिया को बढ़ाते हुए वर्ष-2015 के स्थापना दिवस को पर्यावरण संरक्षण दिवस की तर्ज पर मनाया गया और स्कूल के बच्चों की अनेक प्रस्तुतियां पर्यावरण संरक्षण का संदेश दे रही थी। सभी अध्यापकों ने बच्चों के ग्रुप बनाकर श्लोक उच्चारण, स्वागत गीत, छोटे बच्चों का ग्रुप डांस, शिव वंदना, योगा सोंग, पेड़ बचाओ, हरियाणवी डांस व राष्ट्र गान कार्यक्रम तैयार करवाए व रोमाचंक ढंग प्रस्तुतीकरण करवाया। शिक्षा बोर्ड सचिव पंकज सिंह ने बच्चों के सर्वागीण विकास में अभिभावकों को भी अपना पूर्ण योगदान देने की अपील की व विद्यार्थियों से कहा कि वे अपने माता-पिता का सम्मान करते हुए मन लगाकर विद्याध्ययन करें। कार्यक्रम का समापन राष्ट्र गान के साथ किया गया। विद्यालय की प्राचार्या डॉ वीना सिंह ने कार्यक्रम को सफल बताते हुए स्कूल स्टाफ एवं बच्चों को बधाई दी।

कार्यक्रम प्रस्तुत करते बच्चे।

सर्वपल्ली राधाकृष्णन स्कूल के स्थापना दिवस पर हुए कई कार्यक्रम

भिवानी | हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड स्थित सर्वपल्ली राधाकृष्णन स्कूल में बुधवार को स्थापना दिवस मनाया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि शिक्षा बोर्ड के सचिव पंकज कुमार थे। उन्होंने स्कूल में स्थापित डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन की प्रतिमा पर फूल अर्पित किए। इस मौके पर स्कूल में इस साल को पर्यावरण संरक्षण दिवस की तर्ज पर मनाया गया और स्कूल के बच्चों ने इस पर कई प्रस्तुतियां दी। इस मौके पर बच्चों के ग्रुप बनाकर श्लोकोच्चारण, स्वागत गीत, छोटे बच्चों का ग्रुप डांस, शिव वंदना, योगा सांग, पेड़ बचाओ व हरियाणवी डांस पेश किए। इसी दौरान विद्यालय का न्यूज लैटर जारी किया गया व होनहार विद्यार्थियों को वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह में सम्मानित किया गया।